केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया 5 नई योजनाओं का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

2 नवंबर, 2023 को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की उपस्थिति में अंत्योदय उत्थान के लिये हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गईं 5 नई कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- हरियाणा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ज़िला करनाल में आयोजित अंत्योदय महासम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने इन 5 योजनाओं- आयुष्मान भारत चिरायु योजना, हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड, मुख्यमंत्री अंत्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना, हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (HAPPY) और मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना का शुभारंभ किया।
- **आयुष्मान भारत-चिरायु योजना**
    - केंद्रीय गृह मंत्री ने इस योजना में राज्य के 14 लाख नए परिवारों को जोड़ा है। अब केंद्र एवं राज्य सरकार की योजना को मिलाकर हरियाणा के लगभग 40 लाख अंत्योदय परिवार आयुष्मान भारत-चिरायु योजना का लाभ उठा सकेंगे।
    - इसके अतिरिक्त 1.80 लाख से 3 लाख रुपए वार्षिक आय वाले लगभग 38 हज़ार परिवारों को भी इस योजना में शामिल किया गया है।
    - विदित हो कि केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में हरियाणा के 15 लाख परिवारों को 5 लाख रुपए का वार्षिक इलाज मुफ्त मिलता है। साथ ही हरियाणा सरकार की चिरायु योजना से अब तक लगभग 11 लाख परिवारों को यह लाभ मिल रहा है।
- **हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड**
    - केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हरियाणा में अंत्योदय परिवारों की आय बढ़ाने के लिये हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड का शुभारंभ किया।
    - यह बोर्ड अंत्योदय परिवारों के लिये अभी तक राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की निगरानी व समीक्षा करेगा। साथ ही, यह बोर्ड आय जल्दी से बढ़ाने के लिये नई योजनाएँ भी बनाएगा और उनका कार्यान्वयन भी सुनिश्चित करेगा।
- **हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी)**
    - केंद्रीय गृह मंत्री ने हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) का शुभारंभ किया।
    - इस योजना के तहत सालाना 1 लाख रुपए से कम आय वाले अंत्योदय परिवारों, जिनके 3 से अधिक सदस्य हैं, के हर सदस्य को हरियाणा रोडवेज की बसों में प्रतिवर्ष 1000 किलोमीटर तक निःशुल्क यात्रा करने की सुविधा दी जाएगी।
- **मुख्यमंत्री अंत्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना**
    - केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने मुख्यमंत्री अंत्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना का भी शुभारंभ किया। इस योजना में उन अंत्योदय परिवारों को प्रोत्साहन दिया जाएगा, जो ऋण लेकर मिनी डेयरी खोलना चाहते हैं।
    - ऐसे परिवार जब मिल्क यूनियन में दूध बेचेंगे तो उन्हें एक साल तक दूध पर सहकारिता यूनियन के मूल्य से प्रति लीटर 10 रुपए ज़्यादा दिये जाएंगे।
- **मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना**
    - केंद्रीय गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का भी शुभारंभ किया।
    - इस योजना में 1.80 लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के 60 साल से अधिक आयु के सदस्यों को अयोध्या, वाराणसी आदि तीर्थों के दर्शन करवाए जाएंगे। आने-जाने का सारा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/union-home-minister-amit-shah-launched-5-new-schemes